फर्द अहकाम

बनाम

नाम न्यायालय

केस संख्या

क्रम संख्या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष टि
	1.4.15	पत्रावली पेश हुई। P.O. मोहम्मद अबाबीद मार्फत अधिवक्ता। वास्ते तामील दिनांक 22.4.15 को पेश हो।	
	22.4.15	पत्रावली पेशी पर वकील प्रार्थीगण उपस्थित। अप्रार्थीगण की तलबी हेतु सम्मन तलबाना पेश करने बाबत काफी अवसर दिया जा चुका है। अन्तिम अवसर दिया जाता है। सम्मन तलबाना नहीं पेश होने पर प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया जायेगा। पत्रावली दिनांक 6.5.15 को पेश हो।	
	6.5.15	पत्रावली पेश हुई प्रार्थीगण व वकील प्रार्थीगण अनुपस्थित। बार-बार आवाज दिलाई गई। आवाज दिलाई जाने के उपरान्त भी कोई उपस्थित नहीं आये पत्रावली के अवलोकन पर पाया कि मामले में लगातार लम्बे अर्से के वास्ते तारीखें नियत की जा रही है। प्रार्थीगण के वास्ते तलबी आवश्यक रूप से तलबाना पेश करने हेतु काफी अवसर दिये जाने के उपरान्त भी वास्ते तलबी अप्रार्थीगण सम्मन तलबाना प्रस्तुत किये है। इससे जाहिर होता है कि प्रार्थी अपने उक्त प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही चलाने के इच्छुक नहीं है। इसलिये उक्त प्रकरण को चलाये जाने का औचित्य नहीं है। अतः व्यवहार प्रक्रिया संहिता के धारा 9 (5) में प्रकरण निपटाया जाता है। पत्रावली फैसल शुदा नम्बर के कम है एवं 99 तकमील दाखिल दफ्तर हो।	